Regarding procurement under MSP

श्री राहुल कस्वां **(चुरू) :** सभापति महोदय, मैं एमएसपी की परचेजिंग के बारे में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा । राजस्थान में मूंग की परचेजिंग हुई है और राजस्थान के अंदर दो दिन पोर्टल खुला था । भारत सरकार के नेफेड के द्वारा राजफैड को एजेंसी बनाया गया । वहां 25 परसेंट बुआई क्षेत्र की मूंग की परचेजिंग करनी थी । चुरू में 3 लाख टन से ऊपर प्रोडक्शन हुआ है और 75 हजार टन प्रोडक्शन का पोर्टल खुलना चाहिए था, लेकिन दो दिन में 11 हजार टन पर पोर्टल बंद कर दिया गया । पोर्टल के लिए आज भी किसान मूंग स्टोर किए हुए बैठा हुआ है ।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि पोर्टल दोबारा खोला जाए, क्योंकि मूंग की परचेजिंग राजस्थान में नहीं हुई है । उसे परचेज करने के लिए दोबारा से पोर्टल खोला जाए ।